# हर घर तिरंगा अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन हो सुनिश्चित : प्रभारी सचिव



जिला प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल ने बीकानेर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।

- प्रभारी सचिव ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए
- जिला मुख्यालय से लेकर गांव तक के सरकारी कार्यालयों में झंडारोहेण किया जायेगा

**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षा विभाग के शासन सचिव और जिला प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 13 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा अभियान' आयोजित किया जायेगा। अभियान के तहत घरों, प्रतिष्ठानों और सभी सरकारी कार्यालयों में झंडारोहण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिले में अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

प्रभारी सचिव ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व में आयोजित हर घर तिरंगा अभियान की तरह इस वर्ष भी पूर्ण उत्साह के साथ इसका आयोजन किया जाए। स्कूलों की प्रार्थना सभाओं में बच्चों को इससे अवगत करवाया जाए। वहीं जिला मुख्यालय से लेकर गांव तक के सरकारी कार्यालयों में झंडारोहण किया जाए।

प्रभारी सचिव ने जिले में पेयजल और विद्युत आपूर्ति की स्थिति के बारे में जाना। पेयजल स्त्रोतों की जानकारी ली। निर्देश दिए कि ट्रांसफार्मर जमीन पर नहीं रहे। बरसात के मौसम के मद्देनजर मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए पूर्ण बंदोबस्त करने के लिए निर्देशित किया। दवाईयों की उपलब्धता के बारे में जाना। शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत सतत कार्यवाही करने तथा दोषी के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश दिए।

प्रभारी सचिव ने कहा कि आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाए। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर शहरी क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 11 अगस्त से अभियान के रूप में सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त से पहले सभी मुख्य सड़कें और चौराहे साफ सुथरे रहें, यह सुनिश्चित किया जाए। वर्तमान में अभियान के तहत लगाए जा रहे पौधों की देखभाल सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि इन पौधों की स्थिति की समीक्षा नियमित रूप से की जायेगी।

कृष्ण कुणाल ने कहा कि बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की स्थिति जानी। आगामी बैठक में संभाग मुख्यालय पर नियुक्त वरिष्ठतम अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषाहार की उपलब्धता एवं वितरण, सेनेटरी नेपकिन के वितरण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के क्रियान्वयन की स्थिति जानी। साथ ही केन्द्रों में दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ लाभार्थी महिलाओं को मौसमी बीमारियों से बचाव के मद्देनजर बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति जागरुक करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की विभागवार नियमित समीक्षा की जा रही है। सभी घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, अतिरिक्त कलेक्टर (प्रशासन) डॉ. दुलीचंद मीना, अतिरिक्त कलक्टर (नगर) उम्मेद सिंह रतनू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

**श्रीगंगानगर।** मुख्यमंत्री वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यान विभाग राजस्थान और जिला प्रभारी सचिव वैभव गालरिया द्वारा गुरूवार को राजहंस नर्सरी श्रीगंगानगर में पौधारोपण किया गया। राजहंस नर्सरी के भ्रमण के दौरान उन्होंने कृषकों को अधिक से अधिक अच्छी गुणवत्ता वाले फलदार पौधे उपलब्ध कराने तथा प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। इस असवर पर प्रशिक्षु आईएएस रजत यादव, अतिरिक्त निदेशक कृषि विस्तार डॉ. सतीश शर्मा, सयुंक्त निदेशक उद्यान राजेन्द्र लाम्बा, उपनिदेशक उद्यान केशव कालीराणा, सहायक निदेशक उद्यान प्रीति गर्ग, सहायक निदेशक सुशील शर्मा, कृषि अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद नैन, सहायक कृषि अधिकारी हीरालाल, नर्सरी मैनेजर नरेश अरोड़ा इत्यादि उपस्थित रहे।

## बच्चों को पेट के कीड़ों की दवा खिलायेंगे कल

**हनुमानगढ़,** (कासं)। बच्चों के पेट में कीड़े पडने से होने वाली बीमारियों पर नियंत्रण के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग विशेष अभियान चलाकर बच्चों को दवा देगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि इस बार 10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों, मदरसों ओर कॉलेजों आदि में पढ़ने वाले बच्चों को एल्बेंडाजॉल की गोली दी जायेगी।

डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि बच्चों में पेट के कीड़ों से कई तरह की बीमारियां हो जाती हैं, जिससे बच्चे शारीरिक रूप से प्रभावित हो जाते हैं। वहीं मानसिक रूप से भी पीड़ित हो जाते हैं। बच्चों में कृमि संक्रमण से उनमें खून की कमी, भूख नहीं लगना, बैचेनी, पेट में दर्द, उल्टी व दस्त और मल में खून आना जैसी अनेक समस्याएं पैदा हो जाती हैं।

यही वजह है कि चिकित्सा विभाग एक वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को कृमि नियंत्रण की दवा देने का निर्णय लिया है, जो 10 अगस्त से दी जायेगी। उन्होंने कहा कि जिस किसी भी संस्था में 1 से 19 साल तक के बच्चे अध्ययनरत हों, वहां ये दवाई खिलाई जायेगी।

डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि 10 अगस्त को आंगनबाड़ी केन्द्रों, सरकारी एवं निजी विद्यालयों, मदरसों और तकनीकी संस्थानों में बच्चों, किशोर-किशोरियों को एल्बेंडाजॉल की दवा दी जायेगी। वंचित बच्चों को 17 अगस्त को मॉपअप दिवस पर यह दवा दी जायेगी।

## सार-समाचार

### देहदान का संकल्प पत्र भरा



रूखमा देवी, रवीन्द्र एवं सुधीरचंद ने मेडिकल कॉलेज में मरणोपरांत अपनी देहदान का संकल्प पत्र भरा।

**बीकानेर,** (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी द्वारा सर्व समाज में देहदान के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के प्रति आमजन अब सक्रिय भूमिका निभाने लगे है। जन जागरूकता का ही असर है कि अब बीकानेर के नागरिकों को देहदान का महत्व समझ आने लगा है। इस क्रम में गुरूवार को सरदार पटेल मेडिकल के प्राचार्य कक्ष में सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व आईपीएस मदन गोपाल मेघवाल की प्रेरणा से डॉ.अम्बेडकर चौक, पाबू बारी के बाहर रहने वाले 50 वर्षीय रूखमा देवी ओर उनके 57 वर्षीय पति रवीन्द्र कुमार सिद्धार्थ पुत्र स्व. भूराराम तथा नत्थूसर बास निवासी 60 वर्ष के सुधीरचंद पुत्र सोहनलाल ने मरणोपरांत अपनी देहदान करने का संकल्प पत्र भरा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि आपके इस निर्णय से सर्वसमाज में निश्चित रूप से जागरूकता बढे०गी और भविष्य में समाज को कुशल चिकित्सक उपलब्ध होने में आपके योगदान को सराहा जायेगा। महाविद्यालय के शरीर रचना विभाग की डॉ. गरिमा खत्री ने बताया कि 8 अगस्त तक कुल 514 देहदान प्रपत्र प्राप्त हुए है। उसमें से 8 अगस्त तक कुल 67 बॉडी डोनेशन के रूप में प्राप्त हो चुकी है। आपको बता दें कि डॉ. गुंजन सोनी के प्राचार्य पद गृहण करने के बाद अब तक कुल 120 देहदान संकल्प पत्र जागरूक नागरिकों द्वारा भरे जा चुके हैं।

### पुण्यतिथि पर किया पौधारोपण



व्याख्याता निर्मला आचार्य की पुण्यतिथि पर परिजनों ने पौधारोपण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय महारानी उच्च माध्यमिक विद्यालय की पूर्व व्याख्याता स्व. निर्मला आचार्य की तेरहवीं पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार को उनके परिजनों द्वारा वीर सावरकर पर्यावरण सेवा समिति की प्रेरणा से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ शिक्षक नेता रवि आचार्य ने बताया कि उनकी माताजी की पुण्यतिथि के अवसर पर राजस्थान सरकार के हरियालो राजस्थान और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत डॉ. करणी सिंह स्टेडियम परिसर एवं शिक्षा निदेशालय मार्ग पर नीम एवं गुलमोहर के पौधे लगाने के साथ ही उनकी उचित सार संभाल का संकल्प भी लिया गया। समिति के वरिष्ठ सदस्य और पूर्व पार्षद उम्मेद सिंह राजपुरोहित ने बताया कि संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत पौधारोपण से लेकर पूरी देखरेख और पौधे के चारों तरफ ईंटों से ट्री- गार्ड बनाकर उन्हें पेड़ बनाने तक की जिम्मेदारी निभाई जाती है। इस अवसर पर रवि आचार्य, जयंत आचार्य, मनीष आचार्य, दृष्टि आचार्य, उम्मेद सिंह राजपुरोहित, मोहित राजपुरोहित, ज्ञानप्रकाश यादव, सोहनलाल, हेमराज चौधरी इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कुत्ता दो माह की मासूम को उठा ले गया, नोंच कर मार डाला

- बदरासर गांव में झोंपड़ी में पालने में दो महीने की बच्ची सो रही थी
- इसी दौरान एक आवारा कुत्ता झोंपड़ी में घुस गया और बच्ची पर को मुंह में दबाकर भाग गया

**बीकानेर,** (कासं)। आवारा कुत्तों के आंतक की दिल दहला देने वाली दो घटनाएं बुधवार को सामने आई। बीकानेर में जहां एक झोंपड़ी में सो रही बच्ची को आवारा कुत्ता उठा ले गया। कुत्ते ने बच्ची को कई जगह से नोच डाला। जब तक ग्रामीण बच्ची को कुत्ते के चंगुल से मुक्त करा पाते तब तक वह दम तोड़ चुकी थी। वहीं डूंगरपुर में एक तीन साल के बच्चे को एक कुत्ते ने लहूलुहान कर दिया।

बीकानेर की पैराफेरी में बसे गांव रिड़मलसर में बदरासर निवासी मजदूर कोजूराम परिवार सहित मजूदरी करने आया हुआ है। वह गांव के बाहर झोंपड़ी में पत्नी व बच्ची के साथ रहता है। पुलिस के मुताबिक कोजूराम मजदूरी करने गया हुआ था और पत्नी गांव में दूध लेने चली गई। झोंपड़ी में पालने में दो महीने की बच्ची सो रही थी। इसी दौरान एक आवारा कुत्ता झोंपड़ी में घुस गया और बच्ची पर हमला कर दिया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर ग्रामीण दौड़कर पहुंचे तो कुत्ता बच्ची को मुंह में दबाकर भाग छूटा। ग्रामीणों ने कुत्ते का पीछा कर बच्ची को उसके चंगुल से मुक्त कराया।

ग्रामीणों के मुताबिक कुत्ते ने बच्ची को चेहरे और पेट पर कई जगह से नोंच डाला। लहूलुहान हालत में पीबीएम अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर जेएनवीसी थाने से पुलिस अस्पताल पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। उधर डूंगरपुर जिले के जोरावरपुरा गांव में तीन वर्षीय भावेश पुत्र मरता डाबी अपने घर-आंगन में बैठकर नाश्ता कर रहा था। इस दौरान एक कुत्ता आया और उस पर हमला कर दिया। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर माता-पिता आए और श्वान से बच्चे को छुड़ाया। लेकिन तब तक श्वान बच्चे का जबड़े नोंच चुका था। बच्चे शरीर के अन्य अंगों पर भी चोटें आई। बच्चे को लहूलुहान हालात में लेकर सीमलवाड़ा चिकित्सालय पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद उसको जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया।

## विश्व आदिवासी दिवस आज

**बीकानेर,** (कासं)। अखिल आदिवासी मीणा महासभा राजस्थान की ओर से 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस स्व. बृजलाल मीणा उद्यान,व्यास कॉलोनी में सुबह 9 बजे बड़ी धूमधाम से मनाया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज जिला कार्यकारणी की बैठक का आयोजन किया गया।

महासभा जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मीणा व प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय सेवाकर के सहायक आयुक्त आईआरएस भूपेन्द्र छीपा, उपवन संरक्षक आईएफएस एस. शरद बाबू, पीबीएम अस्पताल के सीनियर फिजिशियन डॉ. मनोज कुमार मीणा, एसबीआई बैंक, पब्लिक पार्क के मुख्य प्रबंधक महेन्द्र मीना, क्षेत्रीय वन अधिकारी महावीर रूहील होंगे। कार्यक्रम में आदिवासियों से संबंधित मुद्दों पर मंथन किया जायेगा। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवाओं व कर्मचारियों का सम्मान किया जायेगा।

# दस लाख की फिरौती नहीं देने पर गाड़ी तोड़ी

- साईसर गांव निवासी बजरंग लाल गिला पुत्र जस्सुराम बिश्नोई ने जान से मारने की दी धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई

**बीकानेर,** (कासं)। दस लाख रूपए की फिरौती नहीं देने पर एक व्यक्ति की न केवल गाड़ी तोड़ दी बल्कि उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई है।

परिवादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने तीन नामजद सहित अन्य जनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार साईसर गांव निवासी 22 वर्षीय बजरंग लाल गिला पुत्र जस्सुराम बिश्नोई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 24 जुलाई को विराट शर्मा उर्फ इन्द्रजीत ने फोन कर दस लाख रूपए की फिरौती मांगी।

उसने देने से मना कर दिया तो मुझे जाने से मारने की नियत से मेरी क्रेटा गाड़ी तोड़ दी। पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट पर विराट शर्मा, सांवरमल शर्मा, श्यामसुंदर उर्फ श्यामा सहित तीन-चार अन्य जनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक जीतराम को सौंपी गई है।

**युवक का शव मिला :** बीकानेर में जयपुर रोड पर एक युवक का शव मिलने के समाचार मिल रहे है। इसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जयपुर रोड स्थित वैष्णोदेवी धाम के निकट गुरुवार को एक युवक का शव मिला है। शव की पहचान तिलक नेगर निवासी शंकर सिंह पुत्र मोहन सिंह के रूप में हुई है। प्रथमदृष्टया में मामला सड़क हादसे का लग रहा है।

# कुत्ता दो माह की मासूम को नोंच कर मार डाला

- तप से कर्मी का करे हल्कापन काया बनती कुंदन : साध्वी शशिरेखा

**नोखा।** जोरवरपुरा तेरापंथ भवन में साध्वी शशि रेखा जी के सान्निध्य में श्रीमति संतोष वैद के नौ तप का अभिनंदन किया गया साध्वी श्रीजी ने भगवान महावीर के तप की महता को बताते हुए कहा की तीर्थंकर ने भी तप को तपा है। भगवान माहवीर ने 66 हजार मासखमण किये। वर्तमान में नमिमुनि के तपस्या के बारे में बताते हुए कहा की तपस्या केवल मनुष्य ही कर सकता है। तपस्या एक यज्ञ है जिसम व्यक्ति अपनी आहुति देता है। इस तरह अगर गुरु की कृपा, परिवार का सयोग व दृढ मनोबल हो, तो मनुष्य तपस्या के क्षेत्र में बहुत आगे जा सकता है सभी साध्वीयो द्वारा एक गीतिका प्रस्तुत की गई साध्वी मृदुली जी ने भी तपस्या की महता को समझाया की तप करने वाला मनुष्य कभी नरक, तिर्यंच व अन्य योनियों में नहीं जाता। जो सम्यक्त्व के प्रति पूर्ण सर्मपित हो उसकी गति देवलोक ही होती है। तप करके व्यक्दि अपने अभामंडल को सुरक्षित रखता है।सभा के अध्यक्ष बाबुलालजी बुच्चा, जीवराज जी मरोठी ने अपने भावो से तप का गुणगान किया। रेणु, मधु व प्राची बैद जोरावरपुरा महिला मंडल ने गीतिका का संगान किया। ईश्वरूचन्द छाजेड़, सोनम बेद व ऋषि छाजेड़ की तपस्या का क्रम निरन्तर गतिमान है।

## सावन मेला आज से शुरू

**बीकानेर,** (कासं)। जिला प्रशासन, उद्यम प्रोत्साहन संस्थान एवं जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में सावन मेला का आयोजन 9 से 15 अगस्त तक जयनारायण व्यास कॉलोनी स्थित ग्रामीण हाट में आयोजित किया जायेगा।

जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा ने बताया कि मेले में बीकानेर संभाग के विभिन्न उद्योगों एवं हस्तशिल्प के उत्कृष्ट उत्पाद जैसे- कॉरपेट, कालीन, पायदान, हैण्डीक्राफ्ट, हैंडमेड ज्वैलरी, लेदर प्रोडक्टस, बेकरी उत्पाद, कशीदाकारी, नमकीन, वूलन उत्पाद, गारमेंटस, आकर्षक राखियां आदि स्टॉल्स का प्रदर्शन एवं विपणन किया जायेगा। मेले का उद्घाटन 9 अगस्त को सायं 5.15 बजे किया जायेगा। मेले में स्टाल लगाई जायेगी।

# रेग्युलेशन उप समिति के सदस्यों ने नहीं किया बैठक का बहिष्कार

- उप-समिति का कार्य पंजाब से पानी प्राप्त करने का नहीं है बल्कि पंजाब से प्राप्त पानी के संबंध में नहरों के वरीयता क्रम के बारे में निर्णय लेना है

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जल संसाधन विभाग की ओर से गंगनहर रेग्युलेशन उप-समिति की बैठक साप्ताहिक रूप से आयोजित की जाती है। इसमें गंगनहर में प्राप्त हो रहे पानी के वितरण के संबंध में विचार-विमर्श कर आगामी सप्ताह के रेग्युलेशन के बारे में निर्णय लिया जाता है। रेग्युलेशन उप समिति के सदस्यों द्वारा बैठक का बहिष्कार किये जाने की कोई सूचना विभाग को नहीं दी गई तथा उप-समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित होती रही।

जल संसाधन वृत्त श्रीगंगानगर के अधीक्षण अभियंता धीरज चावला ने बताया कि 7 अगस्त को सिंचाई विश्राम गृह में विभागीय अधिकारी-कार्मिक तथा कुछ सदस्य उप-समति की बैठक में उपस्थित हुए। बैठक में जल वितरण समिति अध्यक्ष, सदस्य एवं काश्तकारों द्वारा पहुंचकर शोर-शराबा किया गया। इसमें विभागीय अधिकारी-कार्मिक को बंधक नहीं बनाया गया। उन्होंने बताया कि उप-समिति का कार्य पंजाब राज्य से पानी प्राप्त करने का नहीं है बल्कि पंजाब राज्य से प्राप्त पानी के संबंध में नहरों के वरीयता क्रम के बारे में निर्णय लेना है। इसलिए इस उप-समिति का गठन किया गया था। उन्होंने बताया कि पानी में किसी प्रकार का उतार-चढ़ाव आता है तो इस संबंध में बैठक में विचार-विमर्श कर रेग्युलेशन में उसी अनुसार परिवर्तन किया जाता है। विभाग अपने स्तर पर मनमर्जी से नहरों के रेग्युलेशन में किसी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं करता है। पंजाब राज्य से निर्धारित शेयर के अनुसार पानी की आपूर्ति नहीं होने के कारण पानी में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है, जिसके कारण नहरों का वरीयता क्रम प्रभावित होता है।

# ईस्ट रेलवे स्टेशन पर चहल पहल

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर, शहर से करीब 11 किमी दूर स्थित बीकानेर ईस्ट रेलवे स्टेशन पर अब जल्द ही यात्रियों की चहल-पहल नजर नजर आनी शुरू हो जायेगी। अभी तक यहां पर केवल ट्रेनों को पार्किंग के हिसाब से ही खड़ा किया जाता रहा है। लेकिन अब पैसेंजर ट्रेनों का भी ठहराव हो सकेगा। इससे इसके आसपास रहने वाले लोगों को तो फायदा होगा ही, साथ ही स्टेशन का उपयोग होना भी शुरू हो जायेगा। इस संबंध में मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है। गौरतलब है कि करोड़ों की लागत से बने इस स्टेशन की बिल्डिंग पहले ही तैयार की जा चुकी है। यहां पर बिल्डिंग के ऊपर सोलर सिस्टम भी लगा हुआ है। फिलहाल यहां का उपयोग रेलवे की ओर से आवश्यकता होने पर ही किया जा रहा है। खासकर इस स्टेशन का उपयोग यहां पर वाशिंग होने के बाद ट्रेनों को खड़ा करने के लिए किया जा रहा है।


नाम परिवर्तन

मैं दीक्षा छाबड़ा पत्नि श्री विश्वास कुक्कड़ निवासी लालगढ बीकानेर का नाम पूर्व में दीक्षा कुक्कड़ था जिसे बदलकर मैंने मेरा वास्तविक नाम दीक्षा छाबड़ा रख लिया है। जो मेरे सभी दस्तावेजों में दर्ज है। भविष्य में मुझे दीक्षा छाबड़ा के नाम से ही जाना पहचाना जावे।


# खाजूवाला विधायक ने बरसात के कारण फसलों को हुए नुकसान का लिया जायजा



खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने बरसात के कारण फसलों एवं कच्चे पक्के मकानों को हुए नुकसान का जायजा लिया।

- डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने उपखंड स्तर के अधिकारियों के साथ 17 केवाईडी और 22 केवाईडी क्षेत्र का दौरा किया
- विशेष गिरदावरी के लिए सी.एम. को पत्र लिखा

**बीकानेर,** (कासं)। खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने उपखंड स्तर के अधिकारियों के साथ 17 केवाईडी और 22 केवाईडी क्षेत्र का दौरा किया और गत दिनों भारी बारिश के कारण हुए नुकसान का जायजा लिया।

विधायक ने क्षेत्र में खरीफ की फसलों को हुए नुकसान को देखा और अधिकारियों को अविलम्ब विशेष गिरदावरी करवाते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के प्रति संवेदनशील है तथा किसानों को हुए नुकसान का नियमानुसार आर्थिक सहयोग दिलाया जायेगा। उन्होंने विभिन्न किसानों के खेतों का जायजा लिया। नहरों में पानी की आवक भी देखी। विधायक ने कहा कि यदि बरसात के कारण कच्चे अथवा पक्के मकानों को नुकसान हुआ है, तो उसकी रिपोर्ट भी उपलब्ध करवाई जाए। ग्रामीणों से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री को विशेष गिरदावरी के लिए पत्र लिखा गया है। वहीं जिला कलेक्टर से इस संबंध में चर्चा की गई है। वर्तमान में अधिकारी फील्ड में जायजा ले रहे हैं। जैसे ही आदेश आयेंगे किसानों को फसल खराबे और गिरे मकानों का मुआवजा दिलाया जायेगा। इस दौरान खाजूवाला एसडीएम रमेश कुमार, तहसीलदार कमलेश सिंह महेरिया, बीडीओ कृष्ण कुमार चावला, थानाधिकारी बलवंत कुमार, सीसीबी चेयरमैन भागीरथ ज्याणी, पस. प्रधान ममता धर्मपाल बिरड़ा आदि मौजूद थे।

## भगवानगढ़ में 1040 पौधे रोपे

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। हरियालो राजस्थान 'एक पेड़ मां के नाम' सूरतगढ़ ब्लॉक स्तरीय पौधारोपण कार्यक्रम ग्राम पंचायत भगवानगढ़ के पांच डीबीएन के राजकीय सीनियर सैकंडरी स्कूल में आयोजित किया गया।

इसमें एडीएम कन्हैयालाल सोनागरा, जिला प्रमुख कविता रेगर, भाजपा नेता संदीप कासनियां, हनुमान मील,जिला परिषद सदस्य कमला अटवाल, सरपंच सतवीर कौर, उप सरपंच शैलेन्द्र, पंचायत समिति के विकास अधिकारी दीपचंद्र शर्मा, सीबीईओ नरेश रिणवां आदि ने कार्यक्रम की शुरूआत में मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण बहुत ही जरूरी है। प्रत्येक व्यक्ति अपने मां के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाए तथा इसकी सार संभाल का जिम्मा भी उठाए। विद्यार्थियों व ग्रामीणों को नशा मुक्ति की भी शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में करीब 1040 पौधे रोपित किए गए।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN

Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3809 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 08.08.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अर्शइन्द्र पाल सिंह बराड़ पुत्र श्री तेज सिंह निवासी म.नं. 67, शंकर कॉलोनी फर्स्ट, गली नं. 1, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्तानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 58/62 के किला नं. 16 में माप 10 इंटू 29.7 फीट दुकान नं. 49, जगदम्बा कॉलोनी, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का व्यावसायिक पट्टा सं. 6885 दिनांक 16.4.2009 को श्रीमती सरोज देवी पत्नी श्री रामचन्द्र के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखंड इन्हीं के नाम से दर्ज है। | श्री अर्शइन्द्र पाल सिंह बराड़ द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 25.01.2024 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड के नामांतरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री अर्शइन्द्र पाल सिंह बराड़ पुत्र श्री तेज सिंह निवासी म.नं. 67, शंकर कॉलोनी फर्स्ट, गली नं. 1, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यायल समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/175

सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN

Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3804 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 06.08.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री निरवैर सिंह पुत्र श्री जोगेन्द्र सिंह निवासी म.नं. 154 विनोबा बस्ती, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्तानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 6 के किला नं. 11 में माप 30 इंटू 50 फीट भूखंड संख्या एफ-12, खालसानगर-2, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का आवासीय पट्टा सं. 10830 दिनांक 18.2.2021 को श्रीमती रविन्द्र कौर पत्नी श्री सुखदेव सिंह एवं श्री लखवीर सिंह ढिल्लें पुत्र श्री सुखदेव सिंह के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखंड इन्हीं के नाम से दर्ज है। | श्री निरवैर सिंह द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 11.03.2024 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड के नामांतरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध मेंश्री निरवैर सिंह पुत्र श्री जोगेन्द्र सिंह निवासी म.नं. 154 विनोबा बस्ती, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यायल समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/541

सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर